उपलब्धि — स्वीडन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय दल का हौसला बढ़ाएंगे जबलपुर के पुष्पेंद्र कुशवाहा

# भारतीय दिव्यांग फुटबॉल टीम कोच बने पुष्पेंद्र कुशवाहा



**नवभारत, जबलपुर।** एसकेएफ फुटबॉल प्रतियोगिता गोथिया कप 2026 में मानसिक मंद दिव्यांगजनों के भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए कोच के रूप में जबलपुर की विकलांग सेवा भारती चेतना के शिक्षक पुष्पेंद्र कुशवाहा को चुना गया है। इस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 जुलाई तक गोथेनबर्ग, स्वीडन में होने जा रहा है, जिसमें विश्व के अनेक देशों की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्पेशल ओलंपिक्स भारत का दल भी पूरी तैयारी के साथ सहभागिता कर रहा है। जबलपुर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि पुष्पेंद्र कुशवाहा भारतीय टीम की भूमिका निभाएंगे, वह अपने अनुभव, कौशल एवं मार्गदर्शन से टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करेंगे। यह बड़ी उपलब्धि संस्था के साथ-साथ पूरे जबलपुर के लिए गर्व का विषय है। स्वीडन रवाना होने से पूर्व स्पेशल ओलंपिक्स भारतीय टीम 1 जुलाई से 9 जुलाई तक अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र ग्वालियर में विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। इसी क्रम में जबलपुर से रवाना होने से पहले विकलांग सेवा भारती के शिक्षकों एवं स्टाफ ने पुष्पेंद्र कुशवाहा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### संस्था सचिव ने उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को सराहा

इस मौके पर संस्था सचिव मिताली बनर्जी ने कहा कि यह संस्था के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि विकलांग सेवा भारती के कई खिलाड़ी पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं तथा इस बार संस्था के शिक्षक का कोच के रूप में चयन संस्था की निरंतर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने भारतीय टीम एवं पुष्पेंद्र कुशवाहा को उज्ज्वल सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### क्षेत्रीय निदेशक और खेल सहयोगियों ने दी बधाई

वहीं स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बनर्जी ने भी बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के अनेक दिव्यांग खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भी भारतीय दल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल करेगा। इस अवसर पर खेल निदेशक एहतिशामउद्दीन, संस्था के प्राचार्य राकेश शर्मा, सचिन प्रजापति, प्रोग्राम मैनेजर अशोक विश्वकर्मा, मनीषा सेन, सुचिता द्विवेदी, मनीषा रजक, प्रियंका जैन, कपिल दीक्षित सहित संस्था के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# वूशु मार्शल आर्ट को मिली नई उड़ान

**नवभारत, जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वूशु खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात प्रदान करते हुए रानीताल क्रिकेट स्टेडियम के ग्राउंड फ्लोर स्थित सर्वसुविधायुक्त प्रशिक्षण हॉल एवं आधुनिक मैट नियमित अभ्यास और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि खेल विभाग के संचालक अंशुमन यादव के निर्देश और जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे के सहयोग से यह सुविधा मिली है। नवीन वूशु अकादमी का औपचारिक शुभारंभ मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह और जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे द्वारा किया गया, जहां उन्होंने नेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### आधुनिक सुविधाएं और मुफ्त मार्शल आर्ट ट्रेनिंग

इस पहल पर मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद, डॉ. जितेंद्र जामदार, नितिन भाटिया, प्रदीप परिहार, डॉ. मुकेश जायसवाल, सुरेंद्र सिंह (बाबा) और योगेंद्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने खेल विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि इन आधुनिक सुविधाओं से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में मदद मिलेगी। इस अवसर पर एकलव्य अवार्ड से सम्मानित वूशु कोच दिव्यांश मनोज गुप्ता ने घोषणा की कि नए खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं के लिए आगामी एक माह तक शाम 5 से 7 बजे तक वूशु मार्शल आर्ट और सेल्फ डिफेंस का पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

# 5 लाख पेड़ों की बलि और 31 गांवों के विस्थापन पर बवाल

**मंडला, नवभारत।** नर्मदा घाटी में प्रस्तावित बसनिया ओढारी बांध परियोजना को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध और पर्यावरणीय चिंताओं की आवाजें तेज होने लगी हैं। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के वरिष्ठ सदस्य राज कुमार सिन्हा ने मांग की है कि इस परियोजना की पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक किया जाए, जिससे प्रभावित नागरिक इसके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों को समझ सकें।

बताया गया कि प्रस्तावित बसनिया बांध के कारण मंडला और डिंडोरी जिलों के 31 गांवों के कुल 2,737 परिवार सीधे तौर पर विस्थापित और प्रभावित होने जा रहे हैं। इस परियोजना के चलते कुल 6343 हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो जाएगी। डूब क्षेत्र में निजी भूमि 2,443 हेक्टेयर, वन भूमि 2,107 हेक्टेयर, शासकीय भूमि 1,793 हेक्टेयर, कुल डूब क्षेत्र 6,343 हेक्टेयर भूमि आएगी। इस विशाल वन भूमि के डूबने के कारण क्षेत्र में लगभग 5 लाख पेड़ों की कटाई होने का अनुमान है, जो स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

### कम उत्पादन और विशेषज्ञ समिति के कड़े निर्देश

इस परियोजना से 8,780 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और 100 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार 100 मेगावाट की क्षमता होने के बावजूद इससे सालाना केवल 35 करोड़ यूनिट बिजली का ही उत्पादन हो सकेगा। इसी के मद्देनजर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की नदी घाटी विशेषज्ञ समिति ने 21 नवंबर 2023 को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को एक विस्तृत लिखित निर्देश जारी किया था। समिति ने निर्देश दिया था कि परियोजना को हरी झंडी मिलने से पहले कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का वैज्ञानिक व जमीनी अध्ययन किया जाए। बताया गया कि इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं में नर्मदा और संबंधित नालों के जलग्रहण क्षेत्र की वहन क्षमता, जल प्रवाह की निरंतरता और संचयी पर्यावरणीय प्रभावों का विस्तृत अध्ययन।

# रोटरी क्लबों ने जनसेवा के साथ मनाया डॉक्टर्स डे





**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में में डॉक्टर्स डे, सीए डे और नए रोटरी वर्ष की शुरुआत पर विभिन्न रोटरी क्लबों द्वारा भव्य जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुरम और परम्बा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा हेल्थ चेकअप और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया की उपस्थिति में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. अतुल शोले, डॉ. हर्ष राय और डॉ. नितिन सोनी को सम्मानित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की निःशुल्क नेत्र, दंत व सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इसी तरह रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा डॉक्टर्स डे और सीए डे पर आयोजित संगोष्ठी में क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल की उपस्थिति में डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. बी.के. पांसे सहित 17 डॉक्टरों और सीए राकेश खंडेलवाल, सीए प्रद्युमन गुप्ता सहित 4 सीए को सम्मानित किया गया, जिसका आभार प्रदर्शन डॉ. अंकित सेठ ने किया।

### रक्तदान और जनसेवा से नए रोटरी वर्ष का आगाज़



वहीं रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा भी एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न कराया गया, जिसे सफल बनाने में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीन रिछारिया, सचिव विशाल त्रिवेदी और कोषाध्यक्ष दीप कुमार मुखर्जी सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा, जिसमें पी.पी. बलदीप सिंह मैनी ने आभार जताया। इसी कड़ी में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी ने नए रोटरी सत्र के प्रथम दिवस पर रोटरी ब्लड बैंक में विविध जनसेवा गतिविधियों की शुरुआत की। क्लब अध्यक्ष मनीष बजाज, सचिव यश आहूजा और प्रोजेक्ट चेयरमैन सुनील जसवानी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, माता-शिशु देखभाल सामग्री वितरण तथा वृक्षारोपण किया गया, जिसकी सराहना रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलम सिंह रूपरा ने करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

# छात्रावास का छप्पर गिरने से कई छात्राएं घायल





**नवभारत, पटेरा/दमोह।** दमोह जिले के विकासखंड पटेरा अंतर्गत राजा बंदी छात्रावास में अचानक छप्पर गिरने से कई छात्राएं घायल हो गईं. हादसे के बाद छात्रावास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घायल छात्राओं को तत्काल विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल द्वारा निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर अभिषेक पटेल व स्वास्थ्य टीम द्वारा उनका उपचार किया गया. घायल छात्राओं में रश्मि अहिरवार, अनामिका लोधी, लक्ष्मी अहिरवार, शिक्षा सेन, लक्ष्मी बर्मन, ज्योति सिंह, काजल अहिरवार व बबली पटेल शामिल हैं।

### गंभीर छात्राओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया

इनमें कुछ छात्राओं की हालत अधिक गंभीर होने के कारण बेहतर उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया.घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी,थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### छात्राओं के परिजन भी पहुंचे अस्पताल

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल व वमनपुरा के पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत पटेल भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल छात्राओं का हाल जाना. हटा एसडीएम राकेश मरकाम भी अस्पताल पहुंचे और छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली. घटना की सूचना मिलते ही घायल छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# बाइक चोर चढ़ा हत्थे, 3 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**मंडला, नवभारत।** जिला मुख्यालय की कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें दो हीरो पैशन प्रो और एक हीरो सुपर स्प्लेंडर शामिल हैं।

मामले की विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदेही विवेक दास भैंसवार निवासी ग्राम सुक्का, थाना घंसौर, जिला सिवनी को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने वाहन चोरी की वारदातों को कबूल किया, जिसके बाद उसके कब्जे से तीनों दोपहिया वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अन्य किन चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसमें प्रधान आरक्षक अशोक मार्को, पूरन इड़पाचे सहित आरक्षक मृदुल, प्रियांश, रमेश, यमुना प्रसाद, जगदीश, धीरू, रजन, मुकेश, शैलेंद्र, संदीप और राजेश की सराहनीय भूमिका रही।

हादसा — राम मंदिर गली में निर्माण कार्य के दौरान हादसा

# निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिरी, 3 मजदूर दबे





**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के रामनगर में बुधवार शाम एक निर्माणाधीन भवन के बेसमेंट से सटी दीवार गिरने से तीन मजदूर मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय युवाओं की मदद से मजदूरों को बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में दो मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

यह घटना बुधवार शाम करीब 5:30 बजे की है। शहर के स्टेट बैंक के पीछे व्यापारी हर्षित पगारिया के निर्माणाधीन भवन में बेसमेंट की दीवार बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान निर्माणाधीन स्थल से सटे एक मकान की दीवार अचानक ढह गई। मलबे में नवेगांव नैतरा निवासी निलेश पिता धनलाल नगपुरे (23), चैतराम पिता सोंधड़ सौलखे (35) और हट्टा के तिलपेवाड़ा निवासी मानिक पिता उमेन्द्र मचाड़े (48) दब गए।

घटना की जानकारी मिलते ही सीएसपी मयंक तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक वहां लोगों की भीड़ जमा हो चुकी थी। शुरुआती प्रयासों में दो मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तीसरे मजदूर मानिक मचाड़े का केवल चेहरा ही दिखाई दे रहा था। उसे बचाने के लिए बेसमेंट में उतरे लोगों ने फावड़े और हाथों से मिट्टी हटाकर बाहर निकाला। लगभग 5 फीट गहरे बेसमेंट से घायल मजदूर को सीएसपी के चालक पुलिसकर्मी राजू गौतम और युवा सुमित मंगलानी ने पीठ पर लादकर सीढ़ियों के सहारे ऊपर पहुंचाया।

सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल मानिक मचाड़े और चैतराम सौलखे को आगे के उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं, निलेश नगपुरे का इलाज जिला अस्पताल में ही चल रहा है।

युवा सुमित मंगलानी ने बताया कि जानकारी मिलते ही उनकी दुकान पास होने के कारण वे घटनास्थल पर दौड़कर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक मजदूर का केवल चेहरा दिखाई दे रहा था। उन्होंने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके शरीर से मलबा हटाया और उसे बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया।

# तालाब में डाली जहरीली दवा, हजारों मछलियां मरी

### शरारती तत्वों की करतूत, जय निषादराज मछुआ समिति ने लगाया साजिश का आरोप



**नवभारत कटंगी 1 जुलाई।** जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत बीसापुर में सोमवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात शरारती तत्वों ने गांव के सामुदायिक तालाब में कथित तौर पर जहरीली दवा डाल दी, जिससे तालाब की हजारों मछलियां मरकर पानी की सतह पर तैरने लगीं।

इस घटना से तालाब पर आश्रित 59 मछुआरा परिवारों के 300 से ज्यादा लोगों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। जय निषादराज मछुआ समिति टेकाड़ी (म) के अध्यक्ष बाबूलाल लाड़े ने बताया कि समिति ने इस सीजन में करीब 1.75 लाख रुपये खर्च कर रोहू, कतला सहित अन्य प्रजाति की मछली का अंगुलिका साइज बीज डाला था।

### जेवर गिरवी रखकर पैसा लगाया था

उन्होंने बताया कि बैंक से कर्ज और घर का जेवर गिरवी रखकर पैसा लगाया था। 6 महीने बाद दिसंबर में मछली निकालकर बेचते तो हर परिवार को 25-30 हजार रुपये की आमदनी होती। अब सब बर्बाद हो गया। सोमवार शाम जब वे तालाब पर नियमित देखरेख के लिए पहुंचे तो नजारा देख होश उड़ गए। पूरे तालाब में हजारों छोटी-बड़ी मछलियां मरी हुई पानी के ऊपर तैर रही थीं। तालाब से दुर्गंध आ रही थी और पानी का रंग भी बदल गया था।

### यह शरारत नहीं, सोची-समझी साजिश है

समिति के पदाधिकारियों का मानना है कि यह किसी शरारती तत्व की हरकत नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश है। अध्यक्ष बाबूलाल लाड़े का आरोप है कि शायद जो लोग नहीं चाहते कि मछुआरा समाज आत्मनिर्भर बने, उन्होंने ही यह हरकत की है।

### सचिव ने दी सलाह, पर एफआईआर अब तक नहीं

घटना सामने आने के बाद समिति के पदाधिकारी सबसे पहले ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे और सचिव को मौखिक सूचना दी। सचिव ने घटना की गंभीरता को समझा और समिति को तत्काल कटंगी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक थाने में इस मामले को लेकर शिकायत या एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

### गांव के जल स्रोत पर भी खतरा

यह घटना सिर्फ मछलियों की मौत का मामला नहीं है। यह 59 गरीब परिवारों की आजीविका, गांव के जल स्रोत की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जहरीला पानी अब गांव के अन्य जल स्रोतों में मिल सकता है। मवेशियों और बच्चों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

# 9 युवाओं का चयन

**मंडला।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडला में 11 जून को जीडीएसएस ग्रुप, ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट-2005 के तहत सुरक्षा जवान, ड्रोन पायलट, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों के लिए भर्ती शिविर आयोजित किया गया। इस भर्ती शिविर में जिले के 9 युवाओं का चयन किया गया।


**जन्म प्रमाण पत्र सूचना**

मैं राजा मरावी उर्फ राजा भैया उम्र 29 वर्ष पिता फूल चंद मरावी निवासी- म.नं. 29/2, वार्ड नं. 02, ग्राम सुखरी संग्रामपुर, पोस्ट ऑफिस अमगवां तहसील निवास जिला मंडला (म.प्र.) 481885 का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ तथा म.प्र. का मूल निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा स्वयं राजा मरावी का जन्म दिनांक 13/01/1997 को निवास स्थान ग्राम सुखरी संग्रामपुर, पोस्ट ऑफिस अमगवां तहसील निवास जिला मंडला में हुआ था। 3. यह कि मेरा स्वयं राजा मरावी पिता का नाम फूल चंद मरावी एवं माता का नाम सीता बाई का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता हूँ। 4. यह कि शासकीय नियमों का ज्ञान न होने के कारण मेरे द्वारा मेरा स्वयं राजा मरावी का जन्म प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनवा पाया हूँ। 5. यह कि मैं मेरा स्वयं राजा मरावी का जन्म प्रमाण पत्र मैंने व मेरे परिवार के किसी सदस्य ने किसी भी नगर पालिका/ ग्राम पंचायत से अभी तक प्राप्त नहीं किया है मेरे द्वारा प्रथम बार जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया जा रहा है। 6. यह कि मेरा स्वयं राजा मरावी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आपके समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है। अतः जानकारी बावत शपथपत्र पेश है।

शपथकर्ता


# रजक समाज निवास की नई कार्यकारिणी गठित

**निवास।** निवास ब्लाक के स्थानीय मंगल भवन में आयोजित संयुक्त रजक समाज की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा और संत गाडगे महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना//**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/349 — Date : 01/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_518423_1 Date- 01/07/2026 | सं.क्र.-05, जवाहरगंज वार्ड में दरहाई स्थित राधा कन्या शाला में मरम्मत, फ्लोरिंग रंगाई-पुताई एवं अन्य कार्य। (निगम मद) | 04 माह ₹. 3.38 लाख | ₹.2000/- ₹.3380/- | 17/07/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर